1. इनमें से कौन कैबिनेट मिशन के सदस्य नहीं थे?

(A) जे० एन्ड्रूज

(B) पी० लॉरेन्स

(C) ए० वी० अलेक्जेन्डर

(D) इनमें से कोई नहीं

2. "सुरक्षा वाल्व सिद्धान्त के आधार पर भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना, ब्रिटिश सरकार को खतरों से बचाने के लिए थी।" उपर्युक्त विचार किस नेता के थे?

(A) बिपिन चन्द्र पाल

(B) सी० राजगोपालाचारी

(C) लाला लाजपत राय

(D) इनमें से कोई नहीं

3. निम्नलिखित में से भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के किस अधिवेशन में पहली बार मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित प्रस्ताव पारित किए गए थे?

(A) कराची अधिवेशन—1931

(B) सूरत अधिवेशन—1907

(C) गया अधिवेशन—1922

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. 1857 के विद्रोह की विफलता के निम्नलिखित में से कौन-से कारण थे?

1. अंग्रेजों की सैन्य श्रेष्ठता
2. विद्रोहियों के पास कोई एकीकृत कार्यक्रम एवं विचारधारा नहीं थी
3. समाज के सभी वर्गों से समर्थन का अभाव था

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 2 और 3

(B) केवल 1 और 2

(C) उपर्युक्त सभी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. बिहार का वह रसोइया, जिसने 1917 में महात्मा गाँधी की हत्या के प्रयास को विफल कर उनके भोजन में मिले जहर से उनकी जान बचाई थी, था

(A) मीर बकवाल

(B) मुजफ्फर अहमद

(C) बटक मियाँ

(D) इनमें से कोई नहीं

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

6. 1937–1938 के दौरान, बिहार में बकाश्त आन्दोलन किसके द्वारा आयोजित किया गया था?

(A) पीर अली खान

(B) स्वामी दयानन्द सरस्वती

(C) जय प्रकाश नारायण

(D) स्वामी सहजानन्द सरस्वती

7. भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान, निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :

1. होम रूल आन्दोलन
2. सूरत विभाजन
3. खेड़ा सत्याग्रह
4. मिन्टो-मॉर्ले सुधार

ऊपर दी गई घटनाओं का निम्नलिखित में से कौन-सा सही कालानुक्रमिक क्रम है?

(A) 2–3–1–4

(B) 1–3–2–4

(C) 2–4–1–3

(D) 1–4–2–3

8. लॉर्ड लिटन निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित नहीं है?

(A) इल्बर्ट बिल

(B) स्ट्रैची कमीशन

(C) शस्त्र अधिनियम

(D) वर्नाक्युलर प्रेस ऐक्ट

9. बक्सर की लड़ाई के बाद किस संधि पर हस्ताक्षर किए गए?

(A) सालबाई संधि

(B) इलाहाबाद संधि

(C) सुगौली संधि

(D) बेसिन संधि

10. डच ईस्ट इन्डिया कम्पनी ने किस वर्ष पटना में अपना कारखाना स्थापित किया?

(A) 1648

(B) 1635

(C) 1632

(D) 1643

11. निम्नलिखित में से किस आन्दोलन में महात्मा गाँधी ने भूख हड़ताल को हथियार के रूप में सर्वप्रथम प्रयोग किया था?

(A) रौलट सत्याग्रह

(B) असहयोग आन्दोलन

(C) बरदोली सत्याग्रह

(D) अहमदाबाद हड़ताल

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

12. सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के नेताओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा था। बिहार के कौन-से प्रमुख नेता 'बिहार केसरी' के नाम से जाने जाते थे और उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था?

(A) राम मनोहर लोहिया

(B) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(C) श्रीकृष्ण सिंह

(D) अनुग्रह नारायण सिन्हा

13. चम्पारण आन्दोलन के जन आन्दोलन की प्रतिक्रिया में ब्रिटिश सरकार ने इस मुद्दे के समाधान के लिए कौन-सा कदम उठाया?

(A) चम्पारण को एक स्वतंत्र राज्य घोषित किया

(B) महात्मा गाँधी को चम्पारण का राज्यपाल नियुक्त किया

(C) क्षेत्र में सख्त कर्फ्यू लागू किया और मार्शल लॉ लगाया

(D) चम्पारण कृषि समिति की स्थापना की

14. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

सूची–I	सूची–II
a. भारत सेवक समाज	1. देबेन्द्रनाथ टैगोर
b. तत्त्वबोधिनी सभा	2. गोपाल कृष्ण गोखले
c. आत्मीय सभा	3. राम मोहन रॉय
	4. केशब चन्द्र सेन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) a b c
1 4 3

(B) a b c
2 1 3

(C) a b c
2 4 3

(D) a b c
1 2 3

15. अंबाबाई, एक स्वतन्त्रता सेनानी, भारत के किस राज्य की थीं?

(A) मध्य प्रदेश

(B) केरल

(C) आंध्र प्रदेश

(D) कर्नाटक

Sleepy classes Awakening Toppers

16. एक कूट भाषा में, यदि GREAT को 718222620 और MONK को 13121411 लिखा जाता है, तो उसी भाषा में VIGOROUS को कैसे लिखा जाएगा?

(A) 21187111711620

(B) 22187121812619

(C) 21177121811619

(D) 22187131813620

17. निम्नलिखित समूहों में से बेजोड़ को खोजिए :

Q,W,Z,B B,H,K,M W,C,G,J M,S,V,X

(A) B,H,K,M

(B) Q,W,Z,B

(C) M,S,V,X

(D) W,C,G,J

18. एक कंपनी की चार शाखाएँ M, N, O और P पर स्थित हैं। M, N के उत्तर में 4 कि० मी० की दूरी पर है; P, O के दक्षिण में 2 कि० मी० की दूरी पर है; N, O से 1 कि० मी० दक्षिण-पूर्व में है। M और P के बीच की दूरी कि० मी० में क्या है?

(A) 28·5

(B) 5·34

(C) 6·74

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. एक निश्चित कूट भाषा में, 'GAME' को '$ ÷ * %' लिखा जाता है और 'BEAD' को '# % ÷ ×' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'MADE' शब्द को कैसे लिखा जाएगा?

(A) # ÷ × %

(B) $ ÷ × %

(C) * ÷ $ %

(D) * ÷ × %

20. Q पूर्व की ओर यात्रा करता है। M उत्तर की ओर यात्रा करता है। S और T विपरीत दिशाओं में यात्रा करते हैं। T, Q के दाईं ओर यात्रा करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से सत्य है?

(A) M और S एक ही दिशा में यात्रा करते हैं

(B) M और S विपरीत दिशाओं में यात्रा करते हैं

(C) S पश्चिम की ओर यात्रा करता है

(D) T उत्तर की ओर यात्रा करता है

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

21. एक व्यक्ति 'रमेश', जिसके पास 100 वर्ग गज भूमि का एक प्लॉट है, वह अपने पड़ोसी 'सुरेश', जिसके पास भी 100 वर्ग गज भूमि है, से 10% अधिक प्राप्त करके अपनी भूमि का प्लॉट बढ़ाता है। 2 साल बाद वह कुल प्लॉट का 10% पड़ोसी को वापस बेच देता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) सुरेश की भूमि, रमेश से अधिक है

(B) रमेश की भूमि, सुरेश से अधिक है

(C) दोनों बराबर हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. निम्नलिखित विकल्पों में से बेजोड़ युग्म खोजिए।

(A) स्लॉबरि : जूते

(B) मिलिनरी : टोपियाँ

(C) ब्रेवरी : शराब

(D) स्टेशनरी : कागज

23. निम्नलिखित संख्या शृंखला में, प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

132 156 ? 210 240 272

(A) 204

(B) 196

(C) 182

(D) 199

24. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या को चुनिए :

44	49	37
52	?	41
58	35	53

(A) 63

(B) 56

(C) 77

(D) 66

25. दिए गए कथन और निष्कर्ष को ध्यानपूर्वक पढ़िए। निम्नलिखित में से कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन के अनुसार है/हैं, विचार कीजिए।

कथन :

किसी एकदिवसीय क्रिकेट मैच में टीम ने कुल 200 रन बनाए, जिनमें से 160 रन स्पिनरों द्वारा बनाए गए।

निष्कर्ष :

1. टीम के 80% खिलाड़ी स्पिनर थे।
2. ओपनिंग बल्लेबाज स्पिनर थे।

सही उत्तर चुनिए।

(A) न तो 1 और न ही 2 कथन का अनुसरण करता है

(B) केवल 1 कथन का अनुसरण करता है

(C) केवल 2 कथन का अनुसरण करता है

(D) 1 और 2 दोनों कथन का अनुसरण करते हैं

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

26. निम्नलिखित में से कौन-सा तरल बिजली का कुचालक है?

(A) नींबू का रस

(B) नमकीन पानी

(C) संतरे का रस

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. डी० एन० ए० डबल हेलिक्स संरचना की खोज किसके द्वारा की गई थी?

(A) ग्रेगर मेंडल

(B) जेम्स वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक

(C) रोज़लिंड फ्रैंकलिन और मौरिस विल्किंस

(C) लिनस पॉलिंग

28. अलग-अलग द्रव्यमान की दो वस्तुएँ चंद्रमा की सतह के पास स्वतंत्र रूप से गिरने से क्या होगा?

(A) समान परिमाण के बल का अनुभव होगा

(B) अलग-अलग त्वरण होगा

(C) उनके जड़त्व में परिवर्तन होगा

(D) किसी भी क्षण एक ही वेग होगा

29. वेक्टर टीके प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करने के लिए कैसे काम करते हैं?

(A) सीधे कोशिकाओं में प्रवेश कराकर और उन्हें स्पाइक प्रोटीन बनाने में सक्षम बनाकर

(B) किसी कमजोर या निष्क्रिय वायरस को शरीर में प्रवेश कराकर

(C) शरीर में रोगजनकों पर सीधे हमला कर और उन्हें नष्ट कर

(D) वायरस को किसी भिन्न वायरस के संशोधित संस्करण में रखकर

30. लगातार नई परत जोड़ने वाली प्रक्रिया निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(A) संवहन

(B) निम्नस्खलन (सबडक्शन)

(C) भूकंप

(D) समुद्रतल का फैलाव

31. "भूपटल के टुकड़े मेंटल में गति द्वारा निरंतर, धीमी गति से प्रवाहित होते हैं।" इस सिद्धांत को क्या कहा जाता है?

(A) प्लेट सीमा सिद्धांत

(B) महाद्वीपीय बहाव सिद्धांत

(C) पैंजिया सिद्धांत

(D) प्लेट टेक्टॉनिक्स सिद्धांत

Sleepy Classes Awakening Toppers

32. 'एम० आर० एन० ए० (mRNA)' पद का विस्तारित रूप क्या है, जो महामारी की शुरुआत से ही व्यापक रूप से चर्चा में रहा है?

(A) नेमोनिक राइबोन्यूक्लिक ऐसिड

(B) मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक ऐसिड

(C) म्यूटेंट राइबोन्यूक्लिक ऐसिड

(D) मॉडिफाइड राइबोन्यूक्लिक ऐसिड

33. AC करेन्ट को कैसे उत्पन्न करते हैं?

(A) ट्रांसफॉर्मर द्वारा

(B) चोक कुंडली द्वारा

(C) डायनामो द्वारा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. धारा घनत्व होता है

(A) विमाविहीन

(B) एक अदिश राशि

(C) एक सदिश राशि

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

35. मेडिकल केमिस्ट्री में दवाओं का वर्गीकरण किस आधार पर सबसे अधिक उपयोगी है?

(A) रासायनिक संरचना

(B) औषधीय प्रभाव

(C) आण्विक लक्ष्य

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतिक्रिया की दर को धीमा करता है?

(A) विषमांगी उत्प्रेरक

(B) उत्प्रेरक वर्धक

(C) समांगी उत्प्रेरक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. आगत तथा निर्गत तंत्रिकाएँ मिलती हैं

(A) हृदय में

(B) यकृत में

(C) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र में

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Sleepy Classes IAS
Awakening Toppers

38. निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीकें 5G मोबाइल संचार नेटवर्क द्वारा सक्षम की जाएँगी?

1. इंटरनेट ऑफ थिंग्स
2. एज कम्प्यूटिंग
3. नेटवर्क स्लाइसिंग

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2 और 3
(D) केवल 1 और 3

39. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

सूची–I (अंतरिक्ष मिशन)	सूची–II (खोज)
a. कैसिनी-ह्यूजेंस	1. बृहस्पति
b. जूनो	2. शनि और उसके वलय
c. आर्टेमिस	3. शुक्र
d. वेरिटास	4. मानव अंतरिक्ष उड़ान—चंद्रमा से मंगल ग्रह तक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

	a	b	c	d
(A)	3	1	2	4
(B)	2	1	4	3
(C)	3	1	4	2
(D)	2	3	4	1

40. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

सूची–I (कपड़ा)	सूची–II (उत्पत्ति)
a. लिनेन	1. नारियल का पौधा
b. जटा (कॉयर)	2. सन का पौधा
c. मोहायर	3. बत्तख और गीज़ के पंख
d. डाउन	4. अंगोरा बकरी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

	a	b	c	d
(A)	4	1	3	2
(B)	1	3	2	4
(C)	4	3	1	2
(D)	2	1	4	3

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. टेनियासिस एक आँतों का संक्रमण है, जो टेपवर्म की तीन प्रजातियों—*टेनिया सोलियम*, *टेनिया सगीनाटा* और *टेनिया एशियाटिका* के कारण होता है।
2. जब मस्तिष्क में सिस्ट विकसित हो जाते हैं, तो इस स्थिति को न्यूरोसिस्टिसर्कोसिस (एन० सी० सी०) कहा जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1 और 2 दोनों
(B) केवल 1
(C) केवल 2
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

42. निम्नलिखित में से कौन-सी कम्प्यूटर भाषाएँ हैं?

1. कोबरा
2. पाइथन
3. स्किरल
4. जावा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 1, 2 और 3

(B) केवल 1 और 2

(C) केवल 3 और 4

(D) उपर्युक्त सभी

43. हाल ही में समाचारों में देखी गई चैट-जी० पी० टी० में, जी० पी० टी० का पूर्ण रूप क्या है?

(A) जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर

(B) ग्लूटामिक पाइरुविक ट्रांसएमिनेज़

(C) जी० यू० आइ० डी० पार्टिशन टेबल

(D) ग्रूव्ड पेगबोर्ड टेस्ट

44. निम्नलिखित में से कौन-से जीभ के स्वाद नहीं हैं?

1. मीठा
2. कड़वा
3. नमकीन
4. मसालेदार
5. उमामी
6. खट्टा
7. तीखा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 3 और 6

(B) 2, 5 और 7

(C) 1, 3 और 4

(D) 4 और 7

45. निम्नलिखित में से कौन-से जोड़े सही सुमेलित हैं?

1. एनोरेक्सिया : नींद सम्बन्धी विकार
2. इनसोम्निया : खाने का विकार
3. डिस्पनिया : साँस की तकलीफ
4. एनोस्मिया : गंध की आंशिक या पूर्ण हानि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 3 और 4

(B) केवल 1 और 2

(C) केवल 2 और 3

(D) उपर्युक्त सभी

Sleepy Classes IAS
Awakening Toppers

46. ब्रह्मांड में, पल्सर क्या हैं?

(A) किसी तारे द्वारा उत्सर्जित रेडियो तरंगें

(B) तारों का एक समूह

(C) घूमते न्यूट्रॉन तारे

(D) किसी तारे का विस्फोट

47. प्रयोगशाला में विकसित हीरे (एल० जी० डी०) के संदर्भ में, हीरे के बीज के रूप में किसका उपयोग किया जाता है?

(A) क्यूबिक ज़िरकोनिया (सी० जेड०)

(B) सफेद नीलम

(C) मोइसानाइट

(D) ग्रेफ़ाइट

48. बुलेट-प्रूफ जैकेट बनाने के लिए उपयोग किया जाने वाला 'फाइबर' क्या है?

(A) केवलर

(B) नायलॉन

(C) टेरिलीन

(D) ट्वीड

49. एच० एम० एक्स० का/के पूर्ण रूप क्या है/हैं?

1. हाई मेल्टिंग एक्सप्लोसिव
2. हाई-डेंसिटी मोनोएटॉमिक ज़ेनॉन
3. हेज मोनेटाइजिंग ज़ेनोकरेंसी
4. हर मैजस्टीस एक्सप्लोसिव

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1 और 4

(B) 1 और 2

(C) 2 और 3

(D) केवल 1

50. अक्टूबर 2022 में लॉन्च किए गए टेस्ला के ह्यूमनॉइड रोबोट का नाम क्या है?

(A) ऑप्टिमस

(B) सोफिया

(C) एटलस

(D) पेपर

Sleepy Classes Awakening Toppers

51. 'मैनहट्टन परियोजना' क्या है?

(A) एक प्रसिद्ध थीम पार्क

(B) एक अनुसंधान और विकास उपक्रम, जिसने पहले परमाणु हथियार का उत्पादन किया

(C) दुनिया की सबसे बड़ी कला-नीलामी में से एक

(D) न्यूयॉर्क सिटी में एक रियल एस्टेट परियोजना

52. अवतल दर्पण द्वारा बनाया गया प्रतिबिम्ब वास्तविक, उल्टा और वस्तु के आकार के बराबर होता है। वस्तु की स्थिति कैसी होनी चाहिए?

(A) वक्रता केन्द्र से परे

(B) फोकस पर

(C) वक्रता के केन्द्र पर

(D) फोकस और वक्रता केन्द्र के बीच

53. फोटोइलेक्ट्रिक सेल एक ऐसा उपकरण है, जो कि

(A) प्रकाश ऊर्जा का भंडारण करता है

(B) प्रकाश ऊर्जा को विद्युत् ऊर्जा में बदलता है

(C) विद्युत् ऊर्जा को प्रकाश ऊर्जा में बदलता है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. विलयन/विलायक के प्रति इकाई आयतन या प्रति इकाई द्रव्यमान में उपस्थित विलेय की मात्रा को रसायन में किस रूप में जाना जाता है?

(A) विलयन की सांद्रता

(B) विलेय का संघटन

(C) विलायक की सांद्रता

(D) विलेय की सांद्रता

55. कोविड टीकाएँ, प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया को कैसे उत्तेजित करते हैं?

(A) SARS-CoV-2 वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी प्रवेश कराके

(B) जीवित क्षीण SARS-CoV-2 वायरस प्रवेश कराके

(C) एक वास्तविक SARS-CoV-2 वायरस प्रवेश कराके

(D) SARS-CoV-2 वायरस का एक हानिरहित टुकड़ा प्रवेश कराके

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

56. निम्नलिखित में से कौन-सा जानवर सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों को नहीं पता था?

(A) हाथी

(B) बैल

(C) घोड़ा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. निम्नलिखित में से कौन-सा यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल नहीं है?

(A) इंडिया गेट

(B) कुतुब मीनार

(C) लाल किला

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

58. भारतीय संविधान में राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत की अवधारणा किस देश के संविधान से ली गई थी?

(A) आयरलैंड

(B) इंग्लैंड

(C) स्विट्जरलैंड

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. सिक्किम भारतीय संघ का पूर्ण राज्य बन गया

(A) 1976 में

(B) 1974 में

(C) 1975 में

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. निम्नलिखित में से कौन-सी मुद्रा सबसे महँगी है?

(A) यू० एस० डॉलर

(B) यूरो

(C) पाउंड स्टर्लिंग

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. बिहार सरकार ने किस वर्ष तक कार्बन उत्सर्जन कम कर बिहार राज्य को 'प्रदूषण-मुक्त' बनाने की योजना बनाई है?

(A) 2047

(B) 2022

(C) 2024

(D) 2030

Sleepy Classes Awakening Toppers

62. 'शिप्ब्रेक टूरिज्म' के संदर्भ में, सुंची रीफ, एमी शॉल तथा ग्रांडे द्वीप पर भारतीय जल में जहाजों के मलबे का पता लगाया गया है। ये स्थान कहाँ हैं?

(A) ओडिशा तट के बाहर

(B) गोवा तट के बाहर

(C) लक्षद्वीप तट के बाहर

(D) तमिलनाडु तट के बाहर

63. G20 सदस्य प्रतिनिधित्व करते हैं

1. वैश्विक जी० डी० पी० का लगभग 85%
2. वैश्विक व्यापार का लगभग 50%
3. विश्व की लगभग दो-तिहाई जनसंख्या

उपर्युक्त में से कौन-सा/से आँकड़ा/आँकड़े सही है/हैं?

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 1

(C) केवल 1 और 3

(D) 1, 2 और 3

64. रूस के वैगनर भाड़े के सैनिक समूह का मुखिया कौन है?

(A) वलोडिमिर ज़ेलेंस्की

(B) सर्गेई शोइगु

(C) येवगेनी प्रिगोझिन

(D) अलेक्सांद्र लुकाशेंको

65. ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है?

(A) यू० एन० डी० पी०

(B) विश्व बैंक

(C) संयुक्त राष्ट्र महिला

(D) विश्व आर्थिक मंच

66. यूनाइटेड किंगडम की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) उन्होंने 66 वर्षों तक शासन किया और 90 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई।

(B) उन्होंने 70 वर्षों तक शासन किया और 96 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई।

(C) उन्होंने 68 वर्षों तक शासन किया और 94 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई।

(D) उन्होंने 72 वर्षों तक शासन किया और 92 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई।

67. गुजरात में आयोजित DefExpo–2022 का विषय क्या था?

(A) आत्मनिर्भरता

(B) भारत : उभरता हुआ रक्षा विनिर्माण केन्द्र

(C) गौरव का मार्ग

(D) रक्षा के लिए तालमेल

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

68. थाडिम्युट महोत्सव का तीन-दिवसीय उत्सव किस देश में मनाया जाता है?

(A) म्यांमार

(B) चिली

(C) नेपाल

(D) जर्मनी

69. 'ह्वाइट हाउस' के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ह्वाइट हाउस का पता, 1800 पेंसिल्वेनिया ऐविन्यू है।

2. यह संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास और कार्यस्थल है।

3. 1 नवम्बर, 1800 को जॉन एडम्स इस इमारत में निवास करने वाले पहले राष्ट्रपति बने।

4. यह अमेरिकी लोकतन्त्र का प्रतीक है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 2, 3 और 4

(B) 1, 3 और 4

(C) केवल 2 और 3

(D) केवल 3 और 4

70. 'नेट मीटरिंग' को कभी-कभी समाचारों में किसके प्रचार के संदर्भ में देखा जाता है?

(A) घरों की रसोई में पाइप द्वारा प्राकृतिक गैस का उपयोग

(B) मोटरकारों में सी० एन० जी० किट लगाना

(C) शहरी घरों में पानी के मीटर की स्थापना

(D) एक बिलिंग तंत्र, जो सौर ऊर्जा प्रणाली मालिकों को ग्रिड में जोड़ी गई बिजली का श्रेय देता है

71. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

सूची–I (रंग)	सूची–II (संयोजन)
a. मैजेंटा	1. हरा और नीला
b. टील	2. लाल और नीला
c. मोव	3. नीला, हरा और सफेद
d. सियान	4. नीला, लाल और सफेद

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) a b c d
3 4 2 1

(B) a b c d
2 3 4 1

(C) a b c d
2 4 3 1

(D) a b c d
4 2 1 3

72. गहरे समुद्र में डूबने वाली उस पनडुब्बी का नाम क्या है, जो टाइटैनिक जहाज के पोतावशेष की यात्रा के दौरान फट गई थी?

(A) टाइटन

(B) एल्विन

(C) फाल्कन

(D) ट्राइडेंट

73. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

सूची–I (जूते/फैशन-सहायक सामग्री)	सूची–II (विवरण)
a. बेरेट	1. पुरुषों के जूते का एक प्रकार
b. स्टिलेटोज़	2. एक प्रकार का धूप का चश्मा
c. एविएटर्स	3. एक प्रकार की टोपी
d. चिग्नोन	4. महिलाओं के जूते का एक प्रकार
e. ब्रॉग	5. एक प्रकार का केश-विन्यास

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) a b c d e
1 2 3 4 5

(B) a b c d e
3 2 1 4 5

(C) a b c d e
3 4 2 5 1

(D) a b c d e
5 3 2 4 1

74. संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने हाल ही में अपना साक्षात्कार कहाँ दिया?

(A) एम्स्टर्डम

(B) रोम

(C) साराजेवो

(D) एथेंस

75. खेल के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-से जोड़े सही सुमेलित हैं?

1. फ्लशिंग मीडोज : फ्रेंच ओपन
2. वीनस रोज़वॉटर डिश : विंबलडन ट्रॉफी (महिला)
3. रोलैंड गैरोस : यू० एस० ओपन
4. ऑस्ट्रेलियन ओपन (महिला) : डाफ्ने अखुर्स्ट मेमोरियल कप

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 2 और 4

(B) 1 और 2

(C) 2 और 3

(D) 3 और 4

Sleepy classes IAS Awakening Toppers

76. गृह मंत्रालय ने नवंबर 2022 को देश की कितनी भाषाओं की फील्ड वीडियोग्राफी के साथ भारतीय मातृभाषा सर्वेक्षण (एम० टी० एस० आइ०) कार्य को पूरा किया है?

(A) 984

(B) 40

(C) 233

(D) 576

77. किस राज्य सरकार ने भारत में गिद्धों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई द्वारा प्रस्तावित गिद्ध संरक्षण के लिए राज्य-स्तरीय समिति (एस० एल० सी० वी० सी०) का शुभारंभ किया?

(A) मेघालय

(B) तमिलनाडु

(C) सिक्किम

(D) असम

78. दस कैप्टिव-नस्ल एशियाई विशालकाय कछुए (*मनौरिया एमिस*), मुख्य भूमि एशिया में सबसे बड़ी कछुआ प्रजातियों में से एक, हाल ही में भारत के किस राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए थे?

(A) कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान

(B) नतांगकी राष्ट्रीय उद्यान

(C) पेरियार राष्ट्रीय उद्यान

(D) पेंच राष्ट्रीय उद्यान

79. हाल ही में किस देश ने फिर से अरुणाचल प्रदेश को भारत का एक अभिन्न अंग घोषित किया है?

(A) रूस

(B) यू० एस० ए०

(C) ऑस्ट्रेलिया

(D) जर्मनी

80. भारत के रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल ने काहिरा में आइ० एस० एस० एफ० वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में कौन-सा पदक जीता?

(A) कांस्य

(B) स्वर्ण

(C) चाँदी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 किस ग्रेड से व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा में एकीकृत करने पर जोर देती है?

(A) ग्रेड 12

(B) ग्रेड 6

(C) ग्रेड 8

(D) ग्रेड 10

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

82. भारत ने किस देश के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ई० सी० टी० ए०) पर हस्ताक्षर किए?

(A) यू० के०

(B) यू० ए० ई०

(C) ऑस्ट्रेलिया

(D) यू० एस० ए०

83. सहज भाषा अधिनियम निम्नलिखित में से किस देश द्वारा हाल ही में पारित किया गया था, जिसमें सरकारी अधिकारियों को आधिकारिक दस्तावेजों और वेबसाइटों में सरल और आसानी से समझ में आने वाली अंग्रेजी भाषा का उपयोग करने की आवश्यकता होती है?

(A) जर्मनी

(B) ऑस्ट्रेलिया

(C) आयरलैंड

(D) न्यूजीलैंड

84. दुनिया के पहले पादप परागणकों, जिन्हें टिलयार्डेम्बिड्स कहा जाता है, के टिलयार्डेम्बी जीवाश्म हाल ही में किस देश में पाए गए थे?

(A) चीन

(B) ग्रीस

(C) भारत

(D) रूस

85. सुर्खियाँ बटोरने वाली 'लिस्बन घोषणा' किस इकाई के संरक्षण से सम्बन्धित है?

(A) मीठे पानी के ग्लेशियर

(B) वायु

(C) पर्वत

(D) महासागर

Steem classes IAS Awakening Toppers

86. प्रारंभिक वैदिक काल के दौरान कौन-सा शहर प्राचीन मगध साम्राज्य की राजधानी के रूप में कार्य करता था?

(A) पाटलिपुत्र
(B) राजगृह
(C) चम्पा
(D) वैशाली

87. वर्नाक्युलर प्रेस ऐक्ट के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इसे लॉर्ड लिटन द्वारा अधिनियमित किया गया था।
2. इसे 'गैगिंग अधिनियम' के रूप में जाना जाने लगा।
3. इस अधिनियम को लॉर्ड रिपन ने निरस्त कर दिया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2 और 3
(D) केवल 1

88. लॉर्ड मेयो के 1870 के संकल्प के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. केंद्रीय और प्रांतीय वित्त को विभाजित करने वाला यह पहला कदम था।
2. प्रांतीय सरकारों को कुछ सेवाएँ प्रशासित करने का अधिकार दिया गया।
3. इसने मौजूदा असमानता को सुधारने का प्रयास किया।
4. इसने प्रांतों की वास्तविक आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2, 3 और 4
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1, 3 और 4
(D) केवल 2, 3 और 4

89. राजनीति की प्रारंभिक पुस्तक, *नीतिसार*, किसके द्वारा लिखी गई थी?

(A) चरक
(B) कौटिल्य
(C) कामन्दक
(D) इनमें से कोई नहीं

90. *फ़ुतुहात-ए-आलमगीरी* किसके द्वारा लिखी गई थी?

(A) हरिदास
(B) ईश्वरदास नागर
(C) भीमसेन
(D) इनमें से कोई नहीं

91. चीनी स्रोत के अनुसार, श्रीलंका के शासक मेघवर्मन ने गया में बौद्ध मंदिर बनाने की अनुमति के लिए निम्नलिखित में से किस गुप्त राजा के पास एक मिशनरी भेजा था?

(A) चंद्रगुप्त द्वितीय
(B) चंद्रगुप्त प्रथम
(C) समुद्रगुप्त
(D) इनमें से कोई नहीं

92. कब बिहार पहली बार ब्रिटिश-शासित भारत के तहत बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग हुआ था?

(A) 1947
(B) 1912
(C) 1936
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

93. भारतीय कला में 'स्तूप', 'चैत्य' और 'विहार' का निर्माण निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?

(A) शैव सम्प्रदाय

(B) आजीविक सम्प्रदाय

(C) वैष्णव सम्प्रदाय

(D) बौद्ध धर्म

94. भारतीय हस्तशिल्प के सन्दर्भ में, बिहार में 'सुजिनी' क्या है?

(A) एक प्रकार का मिट्टी का बर्तन

(B) एक प्रकार का काँच का बर्तन

(C) एक धातु शिल्प

(D) एक प्रकार की कढ़ाई

95. बिहार में विक्रमशिला विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह बिहार के वर्तमान बांका जिले में स्थित था।
2. इसकी स्थापना पाल वंश के राजा गोपाल प्रथम ने की थी।
3. बौद्ध धर्म का 'वज्रयान' सम्प्रदाय यहाँ फला-फूला।
4. यहाँ खगोल-विज्ञान, तर्कशास्त्र, कानून, व्याकरण और दर्शन जैसे अन्य विषय भी पढ़ाए जाते थे।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन **गलत** हैं?

(A) 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) 1 और 4

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत में बाबर के आगमन के कारण

1. उपमहाद्वीप में बारूद का आगमन हुआ
2. क्षेत्र की वास्तुकला में मेहराब और गुंबद का परिचय हुआ
3. प्रदेश में तैमुरिड राजवंश की स्थापना हुई
4. युद्ध में तोपों की शुरुआत हुई

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 3 और 4

(B) केवल 1 और 2

(C) 1, 2 और 3

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. निम्नलिखित में से किस बंदरगाह को मुगल-काल के दौरान बाबुल मक्का (मक्का का द्वार) कहा जाता था?

(A) ब्रोच

(B) कालीकट

(C) सूरत

(D) कैम्बे

98. 'अष्टप्रधान' मन्त्रिपरिषद् थी

(A) विजयनगर प्रशासन में

(B) गुप्त प्रशासन में

(C) चोल प्रशासन में

(D) मराठा प्रशासन में

99. 'बोधिसत्त्व पद्मपाणि' की पेंटिंग स्थित है
(A) बादामी में
(B) बाग में
(C) एलोरा में
(D) अजंता में

100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. फ़ाहियान एक चीनी तीर्थयात्री था, जो हर्ष के शासनकाल के दौरान भारत आया था।
2. ह्वेनत्सांग एक चीनी बौद्ध भिक्षु थे, जिन्होंने चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के दौरान भारत का दौरा किया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(A) 1 और 2 दोनों
(B) केवल 1
(C) केवल 2
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

101. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

सूची–I	सूची–II
a. चरक	1. गणित
b. ब्रह्मगुप्त	2. चिकित्सा
c. वराहमिहिर	3. नाटककार
d. विशाखदत्त	4. ज्योतिष

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A)	a	b	c	d
	1	4	3	2
(B)	a	b	c	d
	2	1	4	3
(C)	a	b	c	d
	1	2	3	4
(D)	a	b	c	d
	3	2	4	1

102. इनमें से किसने भारत में फ़ारसी त्योहार नौरोज़ की शुरुआत की?
(A) इल्तुतमिश
(B) फ़िरोज शाह तुगलक
(C) अलाउद्दीन खिलजी
(D) बलबन

103. नाथपंथियों, सिद्धों और योगियों ने भक्ति धर्म को किस क्षेत्र में लोकप्रिय बनाया?
(A) पश्चिम भारत
(B) उत्तर भारत
(C) दक्षिण भारत
(D) पूर्व भारत

104. वुड के 1854 के प्रेषण के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. इसने उच्च अध्ययन के लिए शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी की सिफारिश की।
2. इसने महिला शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर दिया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(A) न तो 1 और न ही 2
(B) केवल 1
(C) केवल 2
(D) 1 और 2 दोनों

105. मैथिली भाषा का विकास निम्नलिखित में से किसके शासनकाल के दौरान शुरू हुआ?
(A) पिथिपति
(B) चेरो राजवंश
(C) ओइनिवार राजवंश
(D) कर्नाट राजवंश

Sleepy Classes Awakening Toppers

106. ग्लोब पर 1 डिग्री के अन्तराल पर खींची गई अक्षांश रेखाएँ कितनी हैं?

(A) 179

(B) 180

(C) 178

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

107. कोसी मैदान की माध्य समुद्र तल से औसत ऊँचाई है

(A) 30 मीटर

(B) 300 मीटर

(C) 150 मीटर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

108. किस पठार पर कर्क-रेखा तथा भारतीय मानक समय रेखा एक-दूसरे को काटती हैं?

(A) मालवा

(B) बुन्देलखण्ड

(C) बघेलखण्ड

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

109. उत्तराखण्ड का कौन-सा जिला तिब्बत सीमा से नहीं लगा है?

(A) अलमोड़ा

(B) उत्तरकाशी

(C) चमोली

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

110. एल नीनो धारा कहाँ प्रवाहित होती है?

(A) बंगाल की खाड़ी

(B) प्रशान्त महासागर

(C) हिन्द महासागर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

Sleepy Classes IAS
Awakening Toppers

111. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सतह क्षेत्रफल के हिसाब से विक्टोरिया झील दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।
2. यह अफ्रीका की महान झीलों में से एक है।
3. इसकी सीमा चार देशों—तंजानिया, युगांडा, रवांडा और केन्या से लगती है।
4. विक्टोरिया झील से निकलने वाली एकमात्र धारा नील नदी है, जो युगांडा के जिंजा के पास झील से बाहर निकलती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन गलत हैं?

(A) 1 और 3
(B) 1 और 2
(C) 2 और 4
(D) 3 और 4

112. 'हीट वेव' के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि किसी मैदानी इलाके का अधिकतम तापमान कम-से-कम 30 °C या इससे अधिक तक पहुँच जाता है, तो उसे हीट वेव माना जाता है।
2. यदि किसी पहाड़ी इलाके का अधिकतम तापमान कम-से-कम 40 °C या इससे अधिक तक पहुँच जाता है, तो उसे हीट वेव माना जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) न तो 1 और न ही 2
(B) 1 और 2 दोनों
(C) केवल 1
(D) केवल 2

113. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

सूची–I (खोजकर्ता)	सूची–II (जन्मस्थान)
a. क्रिस्टोफर कोलंबस	1. पुर्तगाल
b. जैक्स कार्टियर	2. यूनाइटेड किंगडम
c. सर फ्रांसिस ड्रेक	3. इटली
d. फर्डिनेंड मैगलन	4. फ्रांस

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) a b c d
1 4 2 3

(B) a b c d
3 4 2 1

(C) a b c d
1 2 4 3

(D) a b c d
3 4 1 2

114. यू० ए० ई० के रियासती राज्य हैं

(A) शारजाह, अबू धाबी, अजमान, फुजैराह, दुबई, बहरीन, कुवैत
(B) अबू धाबी, दुबई, शारजाह, अजमान, उम्म अल-क्वैन, फुजैराह, रास अल-खैमाह
(C) दुबई, शारजाह, अजमान, जेद्दा, कुवैत, बहरीन, उम्म अल-क्वैन
(D) उम्म अल-क्वैन, फुजैराह, रास अल-खैमाह, रियाद, दम्मम, ताइफ़, दुबई

115. सुवर्णरेखा नदी निम्नलिखित में से किस गाँव के पास से निकलती है?

(A) नगरी
(B) ओरमांझी
(C) मंदार
(D) हेहल

Steepy classes Awakening Toppers

116. निम्नलिखित में से कौन-से राष्ट्रीय उद्यान/वन्यजीव अभयारण्य बिहार में हैं?

1. वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान
2. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान
3. गजनेर वन्यजीव अभयारण्य
4. भीम बांध वन्यजीव अभयारण्य

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 2 और 4
(B) 1 और 4
(C) 2 और 3
(D) 1 और 3

117. 'गैंगेटिक डॉल्फिन' के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गंगा नदी की डॉल्फिन को आइ० यू० सी० एन० की रेड लिस्ट के तहत 'लुप्तप्राय' जीव के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. इसमें कोई क्रिस्टलीय नेत्र लेंस नहीं है, जो इसे प्रभावी रूप से अंधा बना देती है।
3. यह इकोलोकेशन का उपयोग कर आगे बढ़ती है और शिकार करती है।
4. इसे भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में मान्यता दी गई है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1, 3 और 4
(B) केवल 1, 2 और 4
(C) केवल 2, 3 और 4
(D) उपर्युक्त सभी

118. गंडक नदी का दूसरा नाम है

(A) पुनपुन
(B) बूढ़ी गंडक
(C) महानन्दा
(D) नारायणी

119. बिहार के निम्नलिखित में से किस जिले में सोना पाया जाता है?

(A) जमुई
(B) मुंगेर
(C) सारण
(D) सिवान

120. त्रिवेणी नहर का निर्माण निम्नलिखित में से किस नदी पर किया गया है?

(A) मयूराक्षी
(B) कोसी
(C) सोन
(D) गंडक

121. अभिकथन (A) :

घाना तट पर सोने के समृद्ध प्लेसर जमाव पाए जाते हैं और ब्राजील में सोने की शिराएँ पाई जाती हैं।

कारण (R) :

किसी समय ये महाद्वीप अटलांटिक तट के साथ एकसाथ संयुक्त थे।

सही उत्तर चुनिए।

(A) A सही है पर R गलत है
(B) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है
(C) A और R दोनों सही हैं पर R, A की सही व्याख्या नहीं है
(D) A गलत है पर R सही है

Stepp Classes IAS Awakening Toppers

122. बिहार की भौगोलिक संरचना चट्टानी प्रणालियों से बनी है। चट्टानी प्रणालियों का उनके विवरण से मिलान कीजिए :

a. धारवाड़ चट्टान प्रणाली	1. हिमालयी और प्रायद्वीपीय नदियों द्वारा मिट्टी आदि के तीव्र जमाव से निर्मित
b. विंध्यन चट्टान प्रणाली	2. पश्चिमी चंपारण जिले में पाई जा सकती है
c. क्वाटरनरी चट्टान प्रणाली	3. सबसे पुराने आर्कियन रॉक सिस्टम का हिस्सा है
d. तृतीयक चट्टान प्रणाली	4. बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वार्टजाइट और शेल इस चट्टान प्रणाली के मुख्य घटक हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) a b c d
4 2 3 1

(B) a b c d
3 4 1 2

(C) a b c d
1 3 2 4

(D) a b c d
2 3 4 1

123. निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री जैव विविधता के दृष्टिकोण से दुनिया का सबसे समृद्ध क्षेत्र है, जिसमें ज्वारनदमुख, समुद्र तट, निकट-तटीय पर्यावरण के जंगल, समुद्री घास, प्रवाल भित्तियाँ, नमक दलदल और मैंग्रोव के साथ इक्कीस द्वीप शामिल हैं?

(A) नीलगिरी बायोस्फीयर रिजर्व

(B) मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व

(C) नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व

(D) सुंदरबन बायोस्फीयर रिजर्व

124. 90° पूर्वी देशांतर पर स्थित थिम्पू (भूटान) का स्थानीय समय निर्धारित कीजिए, जब ग्रीनविच (0°) में दोपहर 12:00 बजे का समय है।

(A) 6:00 a.m.

(B) 6:00 p.m.

(C) 4:00 p.m.

(D) 7:00 p.m.

125. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) पेट्रोलियम भंडार अरावली पहाड़ियों में पाए जाते हैं।

(B) धारवाड़ चट्टान संरचना में प्राकृतिक गैस पाई जाती है।

(C) अभ्रक कोडरमा में पाया जाता है।

(D) कडप्पा शृंखला हीरों के लिए प्रसिद्ध है।

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers

126. सूची–I में सूचीबद्ध राजनीतिक दलों को सूची–II में उनकी स्थापना के वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए :

सूची–I (राजनीतिक दल)	सूची–II (स्थापना के वर्ष)
a. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)	1. 1964
b. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी	2. 1998
c. बहुजन समाज पार्टी	3. 1925
d. ऑल इन्डिया तृणमूल काँग्रेस (ए० आइ० टी० सी०)	4. 1984

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A)	a	b	c	d
	3	4	1	2
(B)	a	b	c	d
	1	3	4	2
(C)	a	b	c	d
	2	1	4	3
(D)	a	b	c	d
	2	1	3	4

127. किस/किन अनुच्छेद/अनुच्छेदों के अन्तर्गत अध्यक्ष सदन के किसी सदस्य को उसकी मातृभाषा में बोलने की इजाजत दे सकता है?

(A) अनुच्छेद 110 (1)
(B) अनुच्छेद 122 (2)
(C) अनुच्छेद 120 (1)
(D) (A) और (B) दोनों

128. कॉलेजियम प्रणाली के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम एक पाँच-सदस्यीय निकाय है, जिसकी अध्यक्षता भारत के मौजूदा मुख्य न्यायाधीश (सी० जे० आइ०) करते हैं और उस समय इसमें न्यायालय में कार्यरत चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।
2. संसद ने विधि द्वारा कॉलेजियम प्रणाली का आरम्भ किया है।
3. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से ही की जाती है।
4. कॉलेजियम प्रणाली की शुरुआत वर्ष 1993 में न्यायाधीश पी० एन० भगवती के ऐतिहासिक फर्स्ट जज मामले के उपलक्ष्य में की गई थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1 और 3
(B) केवल 1
(C) 1 और 2
(D) 3 और 4

129. भारतीय संविधान के 42वें संशोधन के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसने प्रस्तावना में तीन शब्द जोड़े —'समाजवाद', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता'।
2. इसने संविधान में आठ मौलिक कर्तव्य जोड़े।
3. इसने नए निदेशक-सिद्धान्त जोड़े, यानी, अनुच्छेद 39A, अनुच्छेद 43A और अनुच्छेद 47.
4. इसके द्वारा राष्ट्रपति को चुनाव आयोग के परामर्श से राज्य विधान-सभाओं/मण्डलों के सदस्यों को अयोग्य घोषित करने का अधिकार प्रदान किया गया।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन गलत हैं?

(A) 1 और 4
(B) 1 और 2
(C) 3 और 4
(D) 2 और 3

Testry Classes Awakening Toppers

130. किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित करने के लिए आवश्यक विशिष्टताएँ हैं

1. आदिम लक्षणों के संकेत
2. विशिष्ट संस्कृति
3. बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ सम्पर्क में शर्म
4. पिछड़ापन एवं भौगोलिक अलगाव

उपर्युक्त में से कौन-से सही हैं?

(A) केवल 1, 3 और 4

(B) केवल 1 और 2

(C) केवल 2, 3 और 4

(D) उपर्युक्त सभी

131. भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों के विचार का सन्दर्भ किस देश से लिया गया है?

(A) कनाडा

(B) आयरलैंड

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका

(D) यूनाइटेड किंगडम

132. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा अस्पृश्यता को समाप्त किया गया है?

(A) अनुच्छेद 22

(B) अनुच्छेद 14

(C) अनुच्छेद 15

(D) अनुच्छेद 17

133. उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार निम्नलिखित में से किसके पास है?

(A) संसद

(B) राष्ट्रपति

(C) राज्य के मुख्यमंत्री

(D) प्रधानमंत्री

134. पाँचवीं अनुसूची किस विशिष्ट समूह के लोगों के शासन और हितों की सुरक्षा से सम्बन्धित है?

(A) भाषाई अल्पसंख्यक

(B) अनुसूचित जाति

(C) धार्मिक अल्पसंख्यक

(D) अनुसूचित जनजाति

135. भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने किस/किन मुकदमे/मुकदमों में सर्वप्रथम संविधान के 'मूल ढाँचे' का सिद्धांत दिया?

(A) *गोलकनाथ* बनाम *पंजाब राज्य*

(B) *केशवानन्द भारती* बनाम *केरल राज्य*

(C) *मिनर्वा मिल्स* बनाम *भारतीय संघ*

(D) (A) और (B) दोनों

Sleepy classes IAS Awakening Toppers

136. आर्थिक सर्वेक्षण, 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रवृत्ति का वर्णन करता/करते है/हैं?

1. निजी क्षेत्र की कम भागीदारी के कारण इसमें कमी आई है।
2. महामारी से पहले के स्तर की तुलना में इसमें वृद्धि हुई।
3. टेलीकॉम सेक्टर में पूरी तरह से सुधार होने के बाद किसी भी वित्तीय वर्ष में बिना घटे इसमें तेजी से बढ़ोतरी हुई।
4. कमजोर वैश्विक आर्थिक स्थिति के कारण इसमें कमी आई है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 4

(B) केवल 1 और 3

(C) 2 और 4

(D) 1, 2 और 3

137. बिहार के गया जिला की वर्तमान जनसंख्या कितनी है?

(A) 234000

(B) 598000

(C) 320000

(D) 780000

138. केन्द्र सरकार के गैर-योजना व्यय के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) व्यय, कृषि पर होता है।

(B) व्यय, ब्याज भुगतान पर होता है।

(C) व्यय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर होता है।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

139. वैश्वीकरण और भारत पर इसके प्रभाव के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?

(A) निर्यात में वृद्धि, आयात में वृद्धि से अधिक है।

(B) इसने वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार का विस्तार किया है।

(C) इससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ा है।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

140. संघ सरकार के वित्त में नवीनतम विकास के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. महामारी वित्तीय वर्ष 21 के दौरान संघ सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 9·2 प्रतिशत तक पहुँच गया था।
2. वित्तीय वर्ष 22 में राजकोषीय घाटा कम होकर सकल घरेलू उत्पाद का 7·7 प्रतिशत हो गया है।
3. पिछले दो वर्षों में राजस्व संग्रह कम हो गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 2 और 3

(B) केवल 1

(C) 1 और 2

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Sleepy classes Awakening Toppers

141. आर० बी० आइ० के विदेशी मुद्रा भंडार (एफ० ई० आर०) में, निम्नलिखित में से कौन-से शामिल हैं?

1. विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियाँ (एफ० सी० ए०)
2. सोना
3. विशेष आहरण अधिकार (एस० डी० आर०)
4. आरक्षित किश्त स्थिति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 1, 2 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2, 3 और 4
(D) उपर्युक्त सभी

142. 'उत्पत्ति के नियम' के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उत्पत्ति के नियम किसी उत्पाद के राष्ट्रीय स्रोत को निर्धारित करने के लिए आवश्यक मानदण्ड हैं।
2. उत्पत्ति के नियम कस्टम एजेंसियों को यह जानने में मदद करते हैं कि किसी दिए गए उत्पाद पर कौन-से नियम और कौन-से शुल्क लागू होते हैं।
3. इनका उपयोग व्यापार सांख्यिकी के प्रयोजन के लिए किया जाता है।
4. उनका महत्त्व इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि कई मामलों में कर और प्रतिबन्ध आयातों के स्रोतों पर निर्भर करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 1, 3 और 4
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 3 और 4
(D) उपर्युक्त सभी

143. शिशु मृत्यु दर के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह शिशु के जन्म से लेकर ठीक 1 वर्ष की आयु के बीच मृत्यु की सम्भावना है, जो प्रति 10000 जीवित जन्मों पर व्यक्त की जाती है।
2. वर्ष 1950 में शिशु मृत्यु दर 189·6 थी।
3. वर्ष 2019 में शिशु मृत्यु दर 30 थी।
4. रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इन्डिया (आर० जी० आइ०) के सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एस० आर० एस०) के बुलेटिन के अनुसार उत्तर प्रदेश, वर्ष 2019 में सबसे अधिक शिशु मृत्यु दर वाला राज्य था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) 1 और 4
(B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3 और 4
(D) केवल 2 और 3

144. एक अवधारणा के रूप में मानव पूँजी निर्माण की बेहतर व्याख्या एक प्रक्रिया के सन्दर्भ में की जाती है, जो सक्षम बनाती है

1. किसी देश के व्यक्तियों द्वारा अधिक पूँजी संचय करने को
2. ज्ञान में वृद्धि करने को
3. कौशल स्तरों में वृद्धि करने को
4. देश के लोगों के ज्ञान, कौशल स्तरों और क्षमताओं में वृद्धि करने को

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 4
(B) केवल 1
(C) 1 और 2
(D) 3 और 4

145. दिवाला और शोधन अक्षमता के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शोधन अक्षमता से तात्पर्य उस वित्तीय स्थिति से है, जिसमें कोई व्यक्ति या संस्था बकाया होने पर अपने ऋणों का भुगतान करने में असमर्थ होता है।

2. दिवाला एक कानूनी प्रक्रिया को सन्दर्भित करता है, जहाँ देनदार की सम्पत्ति लेनदारों के लाभ के लिए समाप्त या पुनर्गठित की जाती है।

3. शोधन अक्षमता एक अवस्था है, जबकि दिवाला निष्कर्ष है।

4. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आइ० बी० बी० आइ०) दिवाला और शोधन अक्षमता कार्यवाही की देखरेख के लिए जिम्मेदार नियामक निकाय है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) केवल 4

146. औद्योगिक नीति संकल्प किस वर्ष अपनाया गया?

(A) 1950

(B) 1956

(C) 1954

(D) 1952

147. उत्पादन-सम्बद्ध प्रोत्साहन (पी० एल० आइ०) योजना के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह योजना घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और मोबाइल फोन विनिर्माण तथा निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटकों में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन की पेशकश करती है।

2. इस योजना में आवेदकों की दो श्रेणियाँ हैं, वैश्विक कम्पनियाँ और घरेलू कम्पनियाँ।

3. यह योजना पात्र कम्पनियों को छः वर्षों की अवधि के लिए भारत में निर्मित और लक्ष्य श्रेणी में शामिल वस्तुओं की शुद्ध वृद्धिशील बिक्री (आधार वर्ष पर) पर लगभग 8% का औसत प्रोत्साहन प्रदान करती है।

4. पी० एल० आइ० के तहत लक्ष्य श्रेणी में (i) लैपटॉप, (ii) टैबलेट, (iii) ऑल-इन-वन पी० सी० (iv) सर्वर और (v) अल्ट्रा-स्मॉल फॉर्म फैक्टर (यू० एस० एफ० एफ०) शामिल होंगे।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन **गलत** हैं?

(A) 2 और 3

(B) 1 और 4

(C) 2 और 4

(D) 1 और 3

Sleepy classes Awakening Toppers

148. 'स्वामित्व' योजना के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह खान मन्त्रालय के दायरे में कार्यरत एक केन्द्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. यह योजना सी० ओ० आर० एस० नेटवर्क की तरह जियोपोजिशनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को पाँच सेन्टीमीटर तक की सटीकता प्रदान करने योग्य मानक बनाने का प्रयास कर रही है।
3. सी० ओ० आर० एस० का मतलब क्रॉस-ओरिजिन रिसोर्स शेयरिंग है।
4. यह योजना ड्रोन तकनीक का उपयोग कर भूमि के छोटे-छोटे खण्डों का नक्शा तैयार करके ग्रामीण बस्तियों (आबादी) के क्षेत्रों में संपत्ति का स्पष्ट स्वामित्व स्थापित करने के लिए एक सुधारात्मक पहल प्रदान करती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन गलत हैं?

(A) 1 और 4
(B) 2 और 4
(C) 1 और 3
(D) 2 और 3

149. किसी वित्तीय आपातकाल की स्थिति में अनुच्छेद 360 को लागू करने का/के परिणाम निम्नलिखित में से कौन-सा/से है/हैं?

1. राष्ट्रपति राज्यों को राज्य मामलों के सम्बन्ध में सेवारत सभी या किसी वर्ग के कर्मचारियों के वेतन और भत्ते कम करने का आदेश दे सकते हैं।
2. राज्य विधानमंडल द्वारा पारित धन विधेयक या अन्य वित्तीय विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित रखने की आवश्यकता नहीं है।
3. राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के जजों के साथ संघ मामलों के सम्बन्ध में सेवारत सभी या किसी वर्ग के कर्मचारियों के वेतन और भत्ते कम करने का आदेश दे सकते हैं।
4. राज्य विधानमंडल द्वारा पारित होने के बाद धन विधेयक या अन्य वित्तीय विधेयक राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित रखी जाएगी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 2
(D) उपर्युक्त सभी

150. निम्नलिखित में से कौन-से कारक संभावित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीतिजनित मंदी में योगदान कर सकते हैं?

1. सरकारी खर्च में वृद्धि के कारण उच्च मुद्रास्फीति दबाव
2. औद्योगिक उत्पादन में गिरावट और आर्थिक विकास में सुस्ती
3. कुल माँग और उपभोक्ता खर्च में कमी
4. घरेलू मुद्रा की वृद्धि के कारण निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में कमी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2, 3 और 4
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2 और 3
(D) केवल 1, 3 और 4

Sleepy Classes IAS Awakening Toppers